**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

## प्रेस नोट

**दिनांक- 13.05.2025**

**विषयः-थाना चितईपुर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार कर 03अदद पीली धातु के कड़े बरामद करने में सफलता प्राप्त की।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक चितईपुर के नेतृत्व में थाना चितईपुर पुलिस द्वारा थाना चितईपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0-0075/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 से संबंधित अभियुक्त राहुल पाल पुत्र हरी सागर पाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही हाल पता कंचनपुर, थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 24 वर्ष को गिफ्तार कर उसके पास से 03 अदद चोरी के कड़े बरामद किये गये।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान** - दिनांक 13/05/2025 समय 11.30 बजे

**घटना का विवरण -**

दिनांक-08-05-2025 को वादी द्वारा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना चितईपुर में सूचना दिया गया कि उनकी सास का एपेक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी जिसके उपरांत उनके हाथ के सोने के कड़े चोरी हो गये जिसके संबंध में थाना चितईपुर में मु0अ0सं0-0075/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था जिसका सफल अनावरण करते हुए दिनांक- 13/05/2025 को उ0नि0 रवि पाण्डेय चौकी प्रभारी सुन्दरपुर थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा संबंधित घटना स्थल एपेक्स हास्पिटल सुन्दरपुर वाराणसी पहुचकर कैम्पस में लगे CCTV कैमरा के आधार पर प्राप्त CCTV फुटेज की मदद से राहुल पाल पुत्र हरी सागर पाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही हाल पता कंजनपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से 03 अदद पीली धातु से बने कड़े बरामद किये गये।

**विवरण पूछताछः-** राहुल पाल पुत्र हरी सागर पाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही हाल पता कंजनपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 24 वर्ष पूछताछ पर बता रहा है कि मैने ही लोभ में आकर मृतका बीना केशरी को मर्चरी हाउस एपेक्स हास्पिटल में रखते समय उसके हाथ में दिखाई दिये तीन कड़ो को निकाल कर चोरी कर लिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** राहुल पाल पुत्र हरी सागर पाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही हाल पता कंजनपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 श्री प्रवीन सिंह थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री रवि पाण्डेय चौकी प्रभारी सुन्दपुर थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री अवनीश कुमार थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री अनिल कुमार सिंह थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 हृदय नारायण मौर्या थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
6. का0 विनोद यादव थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
7. का0 कमल किशोर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
8. का0 अमित कुमार थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी**
**कमिश्नरेट वाराणसी**